# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025



सुमीत बाजार™

पारम्परिक एवं लेटेस्ट फैशन का नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन.

मनाइए 26 का जश्न

18 TO 31 JANUARY 2025

₹126/- में — ₹195 प्रति पीस वाला गर्ल्स टीशर्ट 2 पीस, 3 वर्ष से 10 वर्ष के गर्ल्स के लिये

₹226/- में — ₹475 प्रति पीस वाला डबल बेडशीट 2 पिलो कव्हर सहित

₹326/- में — ₹819 प्रति पीस वाला डबलबेड कम्फर्टर आकर्षक बैग के साथ

₹426/- में — ₹566 प्रति पीस वाला हैवी जेकार्ड पर्दा साईज 7 फिट

₹126/- में — ₹299 प्रति पीस वाला ब्वॉयस टीशर्ट 2 पीस, 3 वर्ष से 10 वर्ष के गर्ल्स के लिये

₹226/- में — ₹566 प्रति पीस वाला लिजा ब्रांड जल मटका ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी

₹326/- में — ₹499 प्रति पीस वाला एयर टाईट कंटेनर स्टोरेज बॉक्स 5+5 10 पीस का सेट, 2 सेट

₹426/- में — ₹999 प्रति पीस वाला च्वाईस ब्रांड बाथरूम सेट 5 पीस का सेट

₹126/- में — ₹295 प्रति पीस वाला कॉटन फैंसी टॉप size - M to XXL

₹226/- में — ₹395 प्रति पीस वाला कुर्ती पेंट सेट size - M to XXL

₹326/- में — ₹499 प्रति पीस वाला कॉटन कुर्ती पेंट सेट दुपट्टा सहित size - M to XXL

₹426/- में — ₹395 प्रति पीस वाला फैंसी फ्रॉक कुर्ती 2 पीस size - M to XXL

₹126/- में — ₹342 प्रति पीस वाला वॉटर मिलॉन जार ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी

₹226/- में — ₹495 प्रति पीस वाला फैंसी लिलन प्रिंट साड़ियाँ

₹326/- में — ₹695 प्रति पीस वाला डोला सिल्क साड़ियाँ

₹426/- में — ₹795 प्रति पीस वाला सिल्क डायड कॉटन साड़ियाँ फैंसी वर्क

₹126/- में — ₹420 प्रति पीस वाला मेन्स कॉलर टीशर्ट size - L to XXL

₹226/- में — ₹399 प्रति पीस वाला मेन्स रेडीमेड शर्ट मिक्स व्हेरायटी size - L to XXL

₹326/- में — ₹699 प्रति पीस वाला मेन्स कॉटन ट्राउजर size - 28 to 36

₹426/- में — ₹799 प्रति पीस वाला मेन्स फैंसी सिक्वेंश कुर्ता size - L to XXL

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक ऑफर आयटम खत्म होने पर उसकी जगह दूसरा आयटम दिया जा सकता है *नियम व शर्तें लागू

छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा
आरंग • महासमुंद • सराईपाली • नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी • बागबाहरा
मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद • सतना • उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

ऑफर सुमीत बाजार के सभी रिटेल काउंटर्स पर

|| HARE KRISHNA ||

www.singhaniabuildcon.com

# सिंघानिया बिल्डकॉन आपको सादर आमंत्रित करता है

## 24Ct. गोल्ड में निवेश का अवसर




आरंभ स्कूल के पीछे, विधानसभा रोड, नरदहा-रायपुर

लक्ज़री जीवन

आधुनिक सुविधाएँ

किफायती कीमत

HARSHIT GOLD CITY

LIVE IN EL DORADO

## प्रीमियम आवासीय प्लॉट्स

प्लॉट साईज 600-1700 वर्गफुट

प्लॉट शुरुआत

₹9.90 लाख

*T&C Apply

## वास्तविक तस्वीरें










## ग्राहक का अनुभव

हर्षित गोल्ड सिटी में प्लाट की बुकिंग कराने के बाद श्याम शुक्ला बहुत खुश नजर आए..। श्याम कहते हैं नरदहा रायपुर का सबसे विकसित होने वाला क्षेत्र है। नरदहा रायपुर का एजुकेशन हब है यहां पर विकास की बहुत संभावनाएं हैं और यहां प्लॉट लेना बहुत ही फायदेमंद सौदा है मैंने दो प्लॉट बुक किया है और मैं बहुत खुश हूं।

**श्याम शुक्ला**

यहां प्लाट बुकिंग करा कर अभिनव वर्मा भी काफी खुश नजर आए। अभिनव अपनी खुशी शेयर करते हुए बताते हैं कि रायपुर का एजुकेशन हब कहा जाने वाला नरदहा.. यहां पर चारों तरफ स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी हैं और साफ सुथरा स्वच्छ वातावरण है। यह समिति बहुत ही शानदार और सुंदर है और डेवलपमेंट बहुत तेजी से हो रहा है। इसलिए इन सभी डेवलपमेंट को देखते हुए मैंने यहां पर एक प्लॉट बुक किया है और मैं बहुत खुश हूं।

**अभिनव वर्मा**

प्लाट मेला में आए रितेश अग्रवाल बताते हैं कि मैं और मेरे परिवार के लगभग सभी लोगों ने मिलकर के यहां पर 10 प्लॉट बुक किए हैं। हर्षित गोल्ड सिटी जितनी तेजी से डेवलपमेंट हुआ है उतने तेजी से डेवलपमेंट होते मैंने आज तक किसी प्रोजेक्ट में नहीं देखा है मेरे और भी दो-तीन जगह प्लॉट है। मुझे अभी तक का सबसे अच्छा सौदा हर्षित गोल्ड सिटी में ही लगा और मैंने हर्षित गोल्ड सिटी में तीन प्लाट बुक करवाए हैं।

**रितेश अग्रवाल**

विनोद मीणा कहते हैं कि हर्षित गोल्ड सिटी मैंने हर्षित गोल्ड सिटी में तीन प्लाट बुक करवाए हैं। वाकई ये शानदार सौदा है। यह बहुत ही अच्छा सुंदर और शानदार समिति है। हर्षित गोल्ड सिटी में मंदिर का क्लब का रोड का गेट का गार्डन का लगभग पूरा काम कंप्लीट हो चुका है और यह समिति बहुत ही भव्य सुंदर और लग्जरी है। वाकई ये शानदार सौदा है।

**विनोद मीणा**

9827-321-321

RERA Reg. No. - PCGRERA040123001580
www.rera.cgstate.gov.in

Credai Member CREDAI Chhattisgarh

RERA APPROVED

Associate Partner PARIDHI GROUP PROPERTY FOR EVERYONE

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








# कोर्ट परिसर में बदमाश को वकीलों ने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*दो सीनियर वकीलों के साथ मारपीट की घटना से गुस्साए वकीलों ने शुक्रवार को हंगामा खड़ा कर दिया। उनकी भीड़ ने पेशी पर लाए गए बदमाश अजय सिंह को घेर लिया और जमकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस के जवान उसे किसी तरह छुड़ाकर अस्पताल ले गए। दरअसल, बदमाश अजय ने गुरुवार को सीनियर अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की थी। पुलिस के* ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ऐसा रहा घटनाक्रम

- गुरुवार को वकीलों पर बदमाशों ने किया हमला
- पीड़ित वकील मनोज की शिकायत पर पुलिस ने अजय के खिलाफ दर्ज किया मामला
- शुक्रवार सुबह अजय को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसका मेडिकल कराने के बाद सुबह 11.30 बजे कोर्ट लेकर पहुंची।
- दोपहर 3.15 बजे - कोर्ट परिसर से अजय को निकालकर पुलिस जेल दाखिल कराने ले जा रही थी। इसी दौरान पिटाई।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की जमानत के खिलाफ 21 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को



आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में मिली जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निर्धारित की। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने ईडी के वकील के अनुरोध पर शुक्रवार की सुनवाई स्थगित कर दी।

### इमरजेंसी का पंजाब में विरोध कई जगह नहीं दिखाई गई

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कंगना रनौत की



फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के खिलाफ पंजाब में कई जगहों पर सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को काले झंडे और तख्तियां लेकर जाते देखा गया, जिन पर लिखा था ''फिल्म 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाया जाए। फिल्म 'इमरजेंसी' का बहिष्कार हो''।

### जम्मू में रहस्यमयी बीमारी से 16 की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू संभाग के एक छोटे से गांव बदहाल में रहस्यमयी बीमारी ने 16 लोगों की



जान ले ली, जिससे अधिकारी हैरान हैं और वे पहली मौत के दो महीने बाद भी इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं। सूत्रों ने बताया कि जट्टी बेगम नामक बुजुर्ग महिला के अलावा एक अन्य लड़की अब भी अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही है।

### मुख्यमंत्री साय सहित 17 चुने गए राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

# किरण देव अध्यक्ष, छग सबसे पहले चुनाव पूरा करने वाला देश का पहला राज्य बना

*प्रदेश भाजपा के एक साल पुराने अध्यक्ष किरण देव को ही एक बार फिर से तीन साल के लिए भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां पर सबसे पहले भाजपा का संगठन चुनाव पूरा हो गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एक दिन पहले हुई नामांकन की प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को ठाकरे परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनके मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी, सांसद, विधायक, भाजपा के जिलों से लेकर प्रदेश के पदाधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने किरण देव के नाम का ऐलान करते हुए उनको अध्यक्ष घोषित किया। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय परिषद के 17 ▶▶| शेष पेज 2 पर

**मुख्यमंत्री साय, सभी मंत्री, सांसद, विधायकों, पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने किया अध्यक्ष के नाम का ऐलान**




### छत्तीसगढ़ के लिए यह खुशी की बात

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठन चुनाव में बूथों, मंडल, जिलों के चुनाव कराने के बाद प्रदेश अध्यक्ष का भी चुनाव पूरा कर रहा है। चूंकि छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव दोपहर में पूरा हो गया है और घोषणा हो गई, ऐसे में छत्तीसगढ़ देश में संगठन का चुनाव पूरा करने वाला पहला राज्य हो गया है। असम में भी आज ही चुनाव पूरा हो रहा है, लेकिन वहां पर राज्य के अध्यक्ष का ऐलान शाम को होगा।

### राष्ट्रीय परिषद के बने 17 सदस्य

श्री तावड़े ने बताया, मुझे राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का भी चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी है। यहां पर इसके लिए भी कल नामांकन किया गया था। जिनको राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाया गया है, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता ▶▶| शेष पेज 2 पर

विस से अभी जारी नहीं हुई है अधिसूचना

# विस का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च सरकार ने भेजा प्रस्ताव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक संभव है। सरकार ने विधानसभा को इसका प्रस्ताव भेज दिया है। हा लां कि विधानसभा से प्रस्ताव के संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन माना जा रहा है कि शासन ने जो तिथि प्रस्तावित की है, उसी के मुताबिक बजट सत्र बुलाया जाएगा। सत्र ▶▶| शेष पेज 2 पर

- 25-26 में बजट का आकार बढ़ेगा 5-7 प्रतिशत

### बढ़ेगा बजट का आकार

*छत्तीसगढ़ के नए बजट का आकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 5 से 7 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। वित्त विभाग ने बजट बनाने की प्रक्रिया शुरु होने के समय ही ये साफ किया था कि सभी विभाग नवीन व्यय के प्रस्तावों को सूक्ष्म परीक्षित के रूप में शामिल कराएं। वर्ष 2025-26 के बजट में अपरीक्षित व्यय के नवीन मदों के स्थान पर परीक्षित* ▶▶| शेष पेज 2 पर

# मेडिकल कॉलेज के बाथरूम में नर्स का रिकॉर्ड हो रहा था वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सनसनीखेज मामला सामने आया है। अस्पताल में ही कार्यरत एक सफाई कर्मचारी ने अपने फोन से महिला कर्मचारियों का बाथरूम में वीडियो बना लिया है। एक नर्स की नजर पड़ने बाद मामला सामने आया और शिकायत के बाद वीडियो बनाने वाले कर्मचारी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में 14 जनवरी को यह घटना घटित हुई। अस्पताल में ही विगत 6-7 सालों से सफाई कर्मचारी के रूप में तैनात आरोपी ने एक वार्ड में महिला नर्स के बाथरूम ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सफाई कर्मचारी गिरफ्तार



### डेटा जांच में होगा खुलासा

आरोपी लगभग 2-3 वर्ष से वहां कार्यरत था। उसकी हरकत सामने आने के बाद अब उसके द्वारा पहले भी वीडियो बनाए जाने की आशंका है। वही वीडियो बनाकर उसने अन्य किसी को भेजा होगा, इस दिशा में भी मामले की जांच की जाएगी।

### वीडियो हुआ रिकॉर्ड

*वॉशरूम गई कुछ महिला स्टाफ ने जब मोबाइल पर रिकॉर्डिंग ऑन देखा तो उनके होश उड़ गए। जिसमें उनके वीडियो रिकॉर्ड हो गए थे। इस दौरान उन्होंने अपना वीडियो फोन से डिलीट भी किया और मामले की सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी ताम्रध्वज मांडवी राजनांदगांव जिले के सोनेसरार सुखरी का निवासी है।*

# ग्रामीण की हत्या नक्सलियों ने लगाया मुखबिरी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के भैरमगढ ब्लाक के हल्लूर इलाके में नक्सलियों ने ग्रामीण की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी है। इस हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिरतुर थाना क्षेत्र के हल्लूर गांव में गुरूवार की रात पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए सुक्कु हपका पिता छन्नू हपका (48) की गला घोटकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद भाकपा माओवादी संगठन भैरमगढ एरिया कमेटी का पर्चा बरामद मिला है। ग्राम हल्लूर के ग्रामीण सुक्कु हपका को नक्सलियों ने 16 जनवरी को घर से अपहरण कर ले गये थे। सूचना पर थाना मिरतुर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**शव के पास फेंका भैरमगढ एरिया कमेटी का पर्चा**







## चिंतन

# पुलिस जांच तंत्र में तत्काल सुधार जरूरी

पुलिस तंत्र को अपनी कार्यप्रणाली में सतत सुधार करते रहना चाहिए। कानूनों के क्रियान्वयन में जहां उसे संवेदनशील बनने की जरूरत है, वहीं जांच में अत्याधुनिक तकनीकों व तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। पूर्वधारणा के आधार पर या शिकायतकर्ता के आरोपों की गहन जांच किए बिना अपराध के लिए किसी को आरोपी बना देने की मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने पुलिस को संवेदनशील बनने की नसीहत के साथ चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा केवल मृतक के व्यथित परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए यांत्रिक ढंग से नहीं लगाई जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है आरोपियों को जांच प्रक्रिया के दौरान ऐसी स्थिति के दुरुपयोग का शिकार न होना पड़े, जिसे साबित नहीं किया जा सके। पीठ ने दो टूक कहा, 'ऐसा लगता है कि पुलिस भादंसं की धारा 306 का लापरवाही से और बहुत आसानी से इस्तेमाल करती है। वैसे जहां मूल आधार हो, उन वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले की सुनवाई कर रहा था, इस दौरान कोर्ट ने पुलिस की जांच प्रणाली में खामियों को उजागर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधीनस्थ अदालत को भी 'बहुत सावधानी और सतर्कता' बरतनी चाहिए तथा भले ही किसी मामले में जांच एजेंसियां धारा 306 के तत्वों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखा रही हों, अधीनस्थ अदालत को यांत्रिक रूप से आरोप तय करके 'सुरक्षित खेल खेलने की प्रवृत्ति' नहीं अपनानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी मामले को भादंसं की धारा 306 के दायरे में लाने के लिए आत्महत्या का मामला होना चाहिए और यह भी तथ्य होना चाहिए कि उक्त अपराध के लिए कथित तौर पर उकसाने वाले व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए उकसाने या आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए कोई निश्चित कार्य करके सक्रिय भूमिका निभाई होगी। यह तो बानगी है। अनेक ऐसे मामले आए दिन प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें पुलिस कानून के गलत इस्तेमाल करते हुए दिखती है। कभी जांच की जटिलता से बचने के लिए, कभी दबाव में, कभी आपसी खुंदक में, कभी अपनी वाहवाही के लिए पुलिस आरोपों की जांच में या तो शीघ्रता बरतती है, या पूर्वधारणा का सहारा लेती है या फिर आरोपित को ही दोषी मानकर कार्रवाई करने लगती है। इसीलिए देश में पुलिस सुधार को लेकर मांग उठती रही है। पुलिस सुधार को लेकर सर्वोच्च न्यायालय निर्देश दे चुका है। शीर्ष अदालत ने स्वायत्तता, जवाबदेही और लोकोन्मुखता के बिंदुओं पर पुलिस तंत्र में सुधार की बात कही थी। पुलिस की स्वायत्तता को मजबूत कर उसे बाह्य दबावों से मुक्त रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि डीजीपी, आईजी, एसपी, एसएचओ की दो वर्ष की निश्चित तैनाती मिलनी चाहिए। राज्यों को नए सिरे से लोकोन्मुख पुलिस अधिनियम बनाने का निर्देश दिया था। पुलिस सुधारों को लोकतंत्र व सामाजिक कल्याण से जोड़कर ही इनके वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है। मौजूदा सरकार को पुलिस सुधार को लागू करने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए।



निवेश
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# प्रवासी भारतीयों से सहयोग की अपेक्षा

भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुठ्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्त्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्त्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स , जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक



8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रूझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन व डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बना है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही हैं। हम उम्मीद करें कि एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सामरिक शक्ति
योगेश कुमार गोयल



# समुद्र में दुश्मनों के लिए अदृश्य खतरा है आईएनएस सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में जिन तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में कमीशन किया, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'आईएनएस सूरत'। यह युद्धपोत न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और सामरिक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा। इसकी उन्नत तकनीक, स्वदेशी निर्माण और तेज निर्माण प्रक्रिया इसे विशेष बनाते हैं। आईएनएस सूरत का निर्माण और संचालन भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा नया युग लेकर आया है, जो भविष्य में देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। वास्तव में आईएनएस सूरत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि भारतीय नौसेना के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, साथ ही भारत के आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वय का प्रतीक भी है। इसके सफल संचालन से भारतीय नौसेना अन्य आधुनिक युद्धपोतों और प्रणालियों के विकास की ओर अग्रसर होगी। आईएनएस सूरत को पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों और ईंधन दक्षता को प्राथमिकता दी गई है। यह युद्धपोत न केवल ताकतवर है बल्कि समुद्री पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार है। आईएनएस सूरत स्वदेशी रूप से निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस किया गया है। इस युद्धपोत को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बचकर उस पर सटीक हमला भी कर सके।

इसके उन्नत स्टील्थ फीचर्स और उन्नत रडार सिस्टम इसे समुद्र में एक अद्वितीय ताकत बनाते हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोतों में चौथा और परियोजना-15बी के तहत निर्मित विध्वंसक पोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत है। इस युद्धपोत का नाम गुजरात के सूरत शहर के नाम पर रखा गया है, जो अपने व्यापार और औद्योगिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। आईएनएस सूरत में सतह से हवा में मार करने वाले दो वर्टिकल लांचर हैं, जिनसे एक बार में 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें रॉकेट लांचर और टॉरपीडो लांचर भी हैं, जो दुश्मन की पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम हैं। संयुक्त गैस और गैस प्रणोदन प्रणाली से संचालित यह युद्धपोत चार गैस टर्बाइनों से लैस है। समुद्री परीक्षणों के दौरान इसने 30 नॉट्स (लगभग 56 किलोमीटर प्रतिघंटा) की गति प्राप्त की। उन्नत सेंसर और रडार सिस्टम से लैस यह युद्धपोत किसी भी मौसम में, दिन और रात, दुश्मनों की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इस पर चेतक, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), सी किंग और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर संचालित किए जा सकते हैं। इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जो समुद्र में सटीक मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण 15 जून 2024 को शुरू हुआ था और 25 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ। छह महीने से भी कम अवधि में इसने सभी परीक्षण पास कर लिए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षणों के दौरान इसने विभिन्न परिचालन स्थितियों में अपनी क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया। परीक्षणों के दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्री सुरक्षा, दुश्मन पनडुब्बियों के खिलाफ ऑपरेशन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों तथा हथियारों की लांचिंग का सफल प्रदर्शन किया। इसमें 30 नॉट्स की गति प्राप्त करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। यह युद्धपोत सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला कर सकता है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें इसे दुश्मन के विमानों और ड्रोन के खिलाफ भी सक्षम बनाती हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत की समुद्री शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐसा अत्याधुनिक युद्धपोत है, जो समुद्र में दुश्मनों के लिए एक अदृश्य खतरा है। यह भारत के समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय महासागरीय क्षेत्र में चीन और अन्य देशों की बढ़ती गतिविधियों के बीच आईएनएस सूरत का निर्माण भारत की रणनीतिक जरूरतों को पूरा करता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

*गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।*
*गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

## अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग की पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- संदीप पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### 'इमर्जेन्सी' के लिए बधाई



'इमर्जेन्सी' जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर फिल्म बनाने के लिए सांसद कंगना रनौत एवं इस फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। 'इमर्जेन्सी' के दौर की यादों को इस फिल्म के द्वारा पुनः जीवित करने का प्रयास सराहनीय है।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### विरोधी भी तारीफ करते हैं



बीजेपी ने सरेआम में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं जिसका लाभ बीजेपी वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती, काम करना आता है। और काम ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ़ करते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सम्मानित महसूस किया



राष्ट्रपति से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पाकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सम्मान मुझे और भी अधिक मेहनत करने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करता है।

-मनु भाकर, ओलंपिक शूटर

### इस पल को जाने मत दो



यदि आप यह व्यक्त नहीं करने जा रहे हैं कि आप आज वास्तव में कैसा महसूस कर रहे हैं, तो कब? कोई कल नहीं, कोई बीता हुआ कल नहीं.. केवल कुछ ऐसा है जिसे हम 'अभी' कहते हैं इस पल। इसे जाने मत दो..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### दिवंगत नवलनी के तीनों वकील जेल में डाले गए



रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की दमनात्मक कार्रवाई के तहत जेल में डाल दिया गया है। मॉस्को से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेतुस्की शहर की एक अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से पांच साल तक की कैद की सजा सुनायी। उन्हें चरमपंथी संगठनों के साथ संबंध रखने के आरोपों में अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। नवलनी के नेटवर्क को प्रशासन चरमपंथी गतिविधियां मानता था। इस मामले को व्यापक रूप से विपक्ष पर दबाव बढ़ाने के एक तरीके के रूप में देखा जा रहा है ताकि बचाव पक्ष के वकीलों को राजनीतिक मामले लेने से हतोत्साहित किया जा सके। नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा, ''नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है।''

## ऑफ बीट

### ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा



थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



*10 घंटे चली मुठभेड़ के बाद 12 नक्सलियों के शव बरामद, मारे गए नक्सलियों में पांच महिलाएं*

# 100 नक्सलियों की थी मौजूदगी की सूचना, चीफ हिड़मा और देवा हमले से पहले ही निकल भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर/बीजापुर

हरिभूमि फॉलोअप

तुमरेल इलाके में हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए, पर शीर्ष नक्सलियों में शामिल मिलिट्री बटालियन चीफ हिड़मा और देवा बच निकले। बताया जा रहा है इलाके में 100 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर फोर्स ने धावा बोला था, इनमें शीर्ष नक्सली भी मौजूद थे, जो फायरिंग से पहले निकल भागे। इधर, पुलिस ने 12 नक्सलियों के ▸▸| शेष पेज 2 पर



### नक्सलियों की साजिश के बावजूद जवानों के हौसले बुलंद

नक्सलियों के तमाम साजिश व कायराना हरकतों के बावजूद सुरक्षाबलों के सदस्यों का मनोबल बढ़ा हुआ है। सुरक्षाबलों के जवाना स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। यही वजह है कि साल के शुरूआत से ही नक्सलियों पर फोर्स भारी पड़ रही है। पिछले 16 दिन में 25 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया है।

- सुदंरराज पी, आईजी, बस्तर

### कारखाना ध्वस्त, 16 दिन में 25 ढेर



मुठभेड़ स्थल के करीब ही नक्सलियों के कैम्प में बकायदा हथियार बनाने का कारखाना भी खोला गया था। जवानों ने हथियार बनाने के सामान व लैथ मशीन को नष्ट कर दिया है। इसके अलावा कैम्प में रखा नक्सलियों द्वारा डंप किया गया भारी मात्रा में सामान को भी ध्वस्त कर दिया गया है। नए वर्ष के शुरू से ही नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए सुरक्षाबलों द्वारा उनके कोर इलाके में आपरेशन चलाया जा रहा है। पिछले 6 दिन में लाखों रुपए के इनामी 25 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है।

### कोंडापल्ली व उसूर के रास्ते लाया गया शव

मुठभेड़ में मारे गए 10 नक्सलियों का शव कोंडापल्ली के रास्ते तथा 2 नक्सलियों को शव उसूर के रास्ते जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया। इस दौरान 50 ▸▸| शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लॉस एंजिलिस में जल्द खुलेगा भारतीय दूतावासः जयशंकर



**बेंगलुरु।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने अमेरिका से बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की अपील की थी और लॉस एंजिलिस में एक भारतीय राजनयिक मिशन खोलने का वादा किया है। वह शुक्रवार को बेंगलुरु में भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के 'स्थल समर्पण समारोह' में भाग ले रहे थे।

### दिल्ली के चिड़ियाघर में अफ्रीकी बबून चिंटू की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चिड़ियाघर में एक मादा अफ्रीकी बबून की मौत हो गई। पिछले कुछ सप्ताह में चिड़ियाघर में तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। चिड़ियाघर में चार बबून थे और 'चिंटू' की मौत के बाद अब यहां सिर्फ तीन बबून बचे हैं। ''मौत के कारण की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### मिनी वैन खड़े ट्रक से टकराई, नौ की मौत



**पुणे।** पुणे-नासिक राजमार्ग पर सुबह एक टेंपो के टक्कर मारने के बाद मिनीवैन सड़क के किनारे खड़ी बस से जा टकराई जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना नारायणगांव के पास सुबह करीब 10 बजे हुई। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि नारायणगांव की ओर जा रही मिनीवैन को एक टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी।

### कोर्ट का आदेश, धवन की तस्वीरों का इस्तेमाल न करें



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने डीबी डिक्सन बैटरी कंपनी को सुनवाई पूरी होने तक धवन की तस्वीरों का इस्तेमाल न करने का आदेश दिया है। धवन ने 2024 में अनुबंध खत्म हो जाने और भुगतान लंबित होने के बाद भी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है।

### जी20 सम्मेलन में आए दो क्रूज महाकुंभ भेजे जाएंगे



**रामगढ़।** मार्च 2023 में जी20 प्रतिनिधियों के लिए झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू लेक रिजॉर्ट में लाए गए पूरी तरह से वातानुकूलित दो मल्टी-सीटर क्रूज को महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज भेजा जाएगा। 65 सीट वाले और 100 सीट वाले दोनों क्रूज को एक बड़े ट्रेलर की मदद से प्रयागराज ले जाया जाएगा।

पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने दोनों पर 15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

# भ्रष्टाचार के आरोप में पाक के पूर्व पीएम इमरान को 14 और पत्नी बुशरा को 7 साल की सजा

एजेंसी ▸▸| इस्लामाबाद

*पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपए के भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान को 14 और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 7 साल की जेल की सजा सुनाई। इमरान पर 10 लाख और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अगर वे दोनों जुर्माना नहीं भर पाते हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री को छह महीने और बुशरा को तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।*

पाकिस्तानी अखबार डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला सुनाते वक्त बुशरा बीबी कोर्ट में ही मौजूद थीं। पुलिस ने उन्हें कोर्ट से ही गिरफ्तार कर लिया है। इमरान पहले से ही जेल में बंद हैं। इस फैसले के बाद पाकिस्तान में एक बार फिर उथल-पुथल तय मानी जा रही है। फैसले के बाद अदियाला जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजक जनरल सरदार मुजफ्फर अब्बासी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की टीम मौजूद रही। इसके अलावा जेल में पूर्व पीएम इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबर, पीटीआई की बैरिस्टर गौहर खान, शोएब शाहीन, सलमान अकरम राजा और अन्य वकील मौजूद थे। यह फैसला भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया। कोर्ट ने इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश भी दिया है।

**न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया :** इमरान खान ने कहा कि फैसले ने न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। इस मामले में न तो मुझे फायदा हुआ और न ही सरकार को नुकसान हुआ। मैं कोई राहत नहीं चाहता और सभी मामलों का सामना करूंगा। उन्होंने कहा कि एक तानाशाह यह सब कर रहा है। इमरान खुद को निर्दोष बताते हुए कहते रहे हैं कि ये सभी मामले राजनीति से प्रेरित हैं। इमरान के साथ 6 अन्य लोग भी आरोपी हैं।

### खास बातें

- जुर्माना नहीं भरा तो इमरान को 6 व बुशरा को 3 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी
- पाकिस्तान के सबसे अमीर शख्स मलिक रियाज को धमकाकर जमीन अपने नाम की
- अदियाला जेल की सुरक्षा बढ़ाई गई, 6 अन्य लोग भी हैं आरोपी



### बुशरा को कोर्ट से ही किया गिरफ्तार

पाकिस्तानी अखबार डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला सुनाते वक्त बुशरा बीबी कोर्ट में ही मौजूद थीं। पुलिस ने उन्हें कोर्ट से ही गिरफ्तार कर लिया है। इमरान पहले से ही जेल में बंद हैं। कोर्ट ने बुशरा बीबी को 7 साल की जेल की सजा सुनाते हुए उन पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इमरान पर भी 10 लाख पाकिस्तान रुपये का जुर्माना लगा है।

### क्या है अल कादिर ट्रस्ट मामला?

इमरान, बुशरा, उनके सहयोगी जुल्फिकार बुखारी और बाबर अवान ने अल-कादिर प्रोजेक्ट ट्रस्ट का गठन किया था। इसकी स्थापना पंजाब में झेलम जिले के सोहावा तहसील में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अल-कादिर यूनिवर्सिटी के लिए हुई थी। आरोप है कि दान की जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी की गई। इमरान और बुशरा पर आरोप है कि उन्होंने यूनिवर्सिटी के लिए जमीन को गैर-कानूनी तरीके से हड़पा और पाकिस्तान के सबसे अमीर शख्स मलिक रियाज को धमकाकर जमीन अपने नाम की।

### इमरान खान पर क्या आरोप हैं?

यूनिवर्सिटी बनने से पहले तत्कालीन इमरान सरकार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में घिरी इस्लामाबाद की रियल एस्टेट कंपनी बाहरिया टाउन के बीच एक समझौता हुआ था। आरोप है कि कंपनी ने अपने खिलाफ केस बंद करने के लिए एक बिचौलिये के जरिए इमरान को एक बड़ी धनराशि और यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए सोहावा में भूमि दी थी। इसके कारण पाकिस्तान के राष्ट्रीय खजाने को कथित तौर पर 19 करोड़ पाउंड का नुकसान हुआ था।

### इमरान को सजा होने का ये चौथा बड़ा मामला

ये चौथा बड़ा मामला है, जिसमें इमरान को सजा हुई है। इससे पहले पिछले साल उन्हें तोशाखाना मामले, साइफर मामले और गैरकानूनी तरीके से शादी करने के मामले में सजा हुई थी। इन सबके अलावा भी उन पर दर्जनों मामले दर्ज हैं।

# हाउसिंग बोर्ड आवास गड़बड़ी मामले में दो अफसर सस्पेंड



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल





- एनके कंस्ट्रक्शन को किया ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खबर का असर

बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के 4 ब्लॉक के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टम और उसूर (आवापल्ली) में हाऊसिंग बोर्ड ने जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्यों में घोटाला कर 20.65 करोड़ रुपए से अधिक राशि बिना काम किए ही भुगतान किया गया। इस मामले पर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस मामले में बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार ने कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर, सहायक अभियंता नीरज ठाकुर को निलंबित कर दिया। साथ ही एनके कंस्ट्रक्शन दुर्ग को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। आयुक्त ने कहा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विदित हो कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़, भोपालपट्टम और उसूर ब्लॉकों में जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्यों में मिली शिकायतों के बाद मुख्यालय स्तर पर जांच की गई। जांच में अनियमितता और कार्यों में विलंब होना पाया गया, जिसके बाद ठेकेदार मेसर्स एनके कंस्ट्रक्शन दुर्ग के पंजीकरण को निरस्त करने नोटिस जारी किया गया है। यह भी खुलासा हुआ कि कंस्ट्रक्शन को कार्य से अधिक का आखिरी भुगतान पूर्व शासनकाल में किया गया था। ठेकेदार को उस कार्य का भी भुगतान कर दिया गया था, जो कार्य उसके द्वारा किया ही नहीं गया है। इस अनियमितता पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त ने निलंबन आदेश जारी किया ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर शासकीय आवास उपलब्ध हो सकें।

### अनियमितता पर होगी कार्रवाई

हाउसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एसके भगत ने बताया कि बोर्ड के निर्देश पर बस्तर संभाग के सातों जिलों में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। उस दौरान क्षेत्र के ईई, एसडीओ एवं ठेकेदारों को कहा गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा, अनियमितता पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे ठेकेदार के चार ठिकानों पर आयकर विभाग का धावा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आयकर विभाग ओडिशा की तीन अलग-अलग टीमों ने शुक्रवार को रायपुर तथा रायगढ़ में तीन रेलवे ठेकेदारों के चार ठिकानों पर धावा बोला। बताया जा रहा है कि रेलवे ठेकेदारों के ओडिशा तथा अन्य राज्यों में की जा रही छापे की कार्रवाई के आधार पर यहां धावा बोला गया है। सूत्रों के मुताबिक ओडिशा आईटी की टीम रायपुर में कांसक्यूएंसियल सर्वे करने यहां पहुंची है। कार्रवाई शुरू होने के बाद रायपुर के भी आयकर अधिकारी, कर्मी कार्रवाई में शामिल हुए।

- ओडिशा तथा अन्य राज्यों में चल रही कार्रवाई से मिले इनपुट के आधार पर कांसक्यूएंसियल सर्वे की बात सामने आ रही

ओडिशा आयकर विभाग के अफसर तीन गाड़ियों में सवार होकर एक महिला अधिकारी के नेतृत्व में अमलीडीह स्थित लॉ विस्टा में रह रहे रेलवे ठेकेदार जगदीप बंसल के यहां पहुंचे। बंसल का ओडिशा तथा हिमाचल में रेलवे का काम चल रहा है। इसके अलावा आईटी ▸▸| शेष पेज 2 पर

### एक साल पूर्व रायपुर में शिफ्ट हुए

जानकारी के मुताबिक बंसल परिवार एक वर्ष पूर्व ही ओडिशा से रायपुर शिफ्ट हुआ है। रायपुर आने के बाद यह परिवार पंडरी स्थित मर्लिन टॉवर कालोनी में रहता था। जगदीप बंसल की गिनती रेलवे के बड़े ठेकेदारों के रूप में होती है। जगदीप बंसल का वर्तमान में ओडिशा में रेलवे के किसी बड़े प्रोजेक्ट में काम करने की बात सामने आई है।

### मॉर्निंग वाक कर रहे लोगों ने घर का पता बताया

ओडिशा की टीम जगदीप बंसल के यहां दबिश देने अमलीडीह में पता तलाश रही थी। इस दौरान आईटी की टीम ने वीआईपी रोड के पास मॉर्निंग वाक कर रहे लोगों से जगदीप बंसल के करीबी बनकर उनके निवास के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद आयकर की टीम जगदीप बंसल परिवार को सोते से जगाकर अपनी कार्रवाई में जुट गई।

### जल्लीकट्टू में सात की हुई मौत, कई घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कानुम पोंगल के दिन आयोजित जल्लीकट्टू और मंजुविरट्टू आयोजनों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई वहीं दो सैकड़ा से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में ज्यादातर दर्शक और सांड का एक मालिक था। इसी दौरान अलग-अलग घटनाओं में दो सांडों की भी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि पुदुक्कोट्टई में आयोजन के दौरान एक सांड की मौत हो गई, जबकि शिवगंगा के सिरावयाल मंजुविरट्टू में एक सांड और उसके मालिक की मौत हो गयी।



# साव की सख्ती, घटिया निर्माण पर 7 इंजीनियर सस्पेंड, 3 के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या जिस घटिया सड़क निर्माण का खुलासा करने की वजह से हुई थी उस मामले में अब अफसरों पर शिकंजा कस गया है। राज्य शासन ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जगदलपुर को भेजे आदेश में कहा है कि इस मामले में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता बीएल ध्रुव, अनुविभागीय अधिकारी आरके सिन्हा, जीएस कोडोपी उप अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। वही पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने सख्ती दिखाते हुए रायपुर के ओवर ब्रिज मामले में भी पांच अफसरों के ▸▸| शेष पेज 2 पर

### जिस घटिया सड़क की वजह से पत्रकार मुकेश की हत्या हुई, उसकी जांच में अफसर भी दोषी

- रायपुर के मोवा ओवरब्रिज की जांच में भी भ्रष्टाचार अफसरों पर गिरी गाज ठेकेदार भी फंसा







जांच में मिली गड़बड़ी भ्रष्टाचार के प्रमाण

### जांच में पाई गई गंभीर गड़बड़ियां

लोक निर्माण विभाग राज्य शासन द्वारा मुख्य अभियंता लोक निर्माण बस्तर को भेजे गए आदेश में कहा गया है कि आरआरपी 1 (एल इब्लुई योजना के तहत अतिमहत्वपूर्ण प्रगतिरत कार्य नेलसनार-कोडोली - मिरतुल- गंगालुर मार्ग कुल लंबाई 52. 40 किलोमीटर के कार्य के संबंध में गठित जांच दल से प्राप्त प्रतिवेदन में गड़बड़ियों की पुष्टि हुई है। गड़बड़ियो के गंभीर होने एवं संबंधित ▸▸| शेष पेज 2 पर

राष्ट्रपति भवन में 32 खिलाड़ियों को भी किया गया सम्मानित

# राष्ट्रपति ने मनु, गुकेश समेत चार को खेलरत्न से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में निशानेबाज मनु भाकर, चेस चैंपियन डी गुकेश को ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड 2024 से नवाजा। मनु-गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा-एथलीट प्रवीण कुमार को भी खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा। अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पाने वालों में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर शामिल हैं, जिन्हें ▸▸| शेष पेज 2 पर



### ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

1. डी गुकेश (शतरंज)
2. हरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
3. प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)
4. मनु भाकर (शूटिंग)

**क्रिकेट को नहीं मिला कोई पुरस्कारः** इस बार खेल रत्न और ध्यानचंद खेल रत्न में जो पुरस्कार दिए गए, उसमें क्रिकेट के किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया। जो बात हैरान करने वाली थी। वहीं कोच की श्रेणी में क्रिकेट से जुड़े किसी शख्स का नाम शामिल नहीं रहा।

**इनामी राशि** खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले को एक मेडल, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपए नकद मिलते हैं, जबकि अर्जुन पुरस्कार में 15 लाख रुपए नकद, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

### मनु के नाम दो कांस्य

| 1 | 164741 | Contract of Annual Operation & Maintenance of Old 80 MLD and 150 MLD Filter Plant :- (A) Operation- 1,41,35,532.00 (B)Maintenance- 25,96,000.00 (GST Included) | 1,67,31,532.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **17.01.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

EXECUTIVE ENGINEER
FILTER PLANT
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

## LATE SHRI PUNARAM NISHAD COLLEGE OF FISHERIES

KAWARDHA-491995 KABIRDHAM (C.G.) (Dau Shri Vasudev Chandrakar Kamdhenu Vishwavidyalaya)
Telefax: 91-7741232066, Email:-deancofcg@gmail.com

No. COF/Acad./Teaching Associate/2024-25/1335

Dated: 17/01/2025

**Advertisement**

Applications are invited for the 13 post of Teaching Associate at Late Shri Punaram Nishad Fisheries College, Kawardha (Chhattisgarh). Last date for submission of application form is 31.01.2025, detailed advertisement is available in the University website http://dsvckvdurg.ac.in. Any further information after this advertisement will be displayed in university website only from time to time.

Registrar

S-42883/1

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा छ.ग.

क्रमांक/डी.एम.एफ./2025/ 557 कोरबा दिनांकः 16.01.2025

**// सूचना //**

**जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशन सूचना बावत**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा छ.ग. के पत्र क्रमांक / डी. एम. एफ./2025/548, कोरबा, दिनांक 16.01.2025 के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के 76 पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यार्थियों से दिनांक 31.01.2025 को शायं 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

उक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सूचना पटल एवं कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in मे उपलब्ध है। जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला- कोरबा (छ.ग.)

G-242505448/1

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नया पुराना ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक - 30-01-2025
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 150.000 | 1900 | 8334 | 626.307 | 7747 | 132.533 |
| 2 | साल | 100.00 | 350 | 7930 | 770.873 | 2647 | 70.817 |
| 3 | हल्दू | 0.000 | 0 | 6 | 0.748 | 0 | 0.000 |
| 4 | साजा | 0.000 | 0 | 79 | 10.374 | 31 | 0.828 |
| 5 | धावडा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 3 | 0.828 |
| 6 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 7 | सत्कठा | 1.000 | 25 | 64 | 5.128 | 101 | 2.905 |
| | योगः- | 251.000 | 2275 | 16417 | 1413.767 | 10533 | 207.371 |
| मिश्रित जलाऊ | | 200 चट्टा नया | | | | | |

टीप :-
1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G-242505403/4

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल का मुनाफा 10% बढ़कर 3458 करोड़



**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का दिसंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का सकल राजस्व 8.75 प्रतिशत बढ़कर 90,333 करोड़ रुपये हो गया है।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ चार फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली** । निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में चार प्रतिशत बढ़कर 6,304 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले साल की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6,071 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक की कुल आय बढ़कर 36,926 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 33,516 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपए एक पैसा टूटकर बंद



**मुंबई।** अंतर्बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की गिरावट के साथ 86.62 पर बंद हुआ। विदेशी कोष की भारी निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा।

# बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड से मिलेगा 10 हजार का लोन, किस्तों में चुकाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कई बार ऐसी स्थिति आ जाती है, जब आपको अचानक पैसों की जरूरत होती है और इस समय पर कोई दोस्त-रिश्तेदार आपकी मदद नहीं कर सकता। अगर आप भी किसी ऐसी परिस्थिति में फंस गए हैं तो आधार कार्ड की मदद से आपको 10,000 रुपए का लोन तुरंत मिल जाएगा।

- लोन में आधार कार्ड के अलावा कोई और डाक्यूमेंट नहीं देना होता

इस लोन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको इसे एक साथ नहीं चुकाना होगा, इसे अपनी सुविधा के अनुसार किस्तों में चुकाया जा सकता है। साथ ही 10 हजार रुपए के इस लोन के लिए कोई गारंटी भी नहीं देनी होगी।

## नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी और फिनटेक प्लेटफॉर्म से ले सकते हैं

### क्रेडिट स्कोर अच्छा होना चाहिए

पर्सनल लोन सरकारी बैंक बहुत कम देती हैं। अगर आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा है और आप लोन अप्लाई करते समय पैन कार्ड का यूज करते हैं तो प्राइवेट बैंक आसानी से पर्सनल लोन दे देती हैं। वहीं आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आप आधार कार्ड की मदद से एनबीएफसी (नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) और फिनटेक प्लेटफॉर्म से पर्सनल लोन ले सकते हैं।




### 21 से 60 साल की उम्र के लोग कर सकते है अप्लाई

आधार कार्ड की मदद से पर्सनल लोन के लिए 21 से 60 साल की उम्र के लोग अप्लाई कर सकते हैं। इसमें केवल वहीं लोग अप्लाई कर सकते हैं जो नौकरीपेशा हैं या फिर उनका खुदका कोई बिजनेस है। इसके साथ ही आपके पास एक एक्टिव बैंक अकाउंट भी होना चाहिए।

### आधार कार्ड लोन

आधार कार्ड पर जो 10 हजार रुपए का लोन मिलता है, उसे पर्सनल लोन कहा जाता है। अमूमन पर्सनल लोन में आधार कार्ड के अलावा कोई और डॉक्यूमेंट नहीं मांगा जाता है। इसमें केवल पहचान के लिए आधार कार्ड मांगा जाता है और आपके अकाउंट में तुरंत 10 हजार रुपए का अमाउंट ट्रांसफर कर दिया जाता है। अगर आप साथ में पैन कार्ड का भी इस्तेमाल करते हैं तो आपको ज्यादा अमाउंट का भी लोन मिल सकता है।

### लोग के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा

अगर आपको इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है तो आप आधार कार्ड की मदद से इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं, जिसमें आपको नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी और फिनटेक प्लेटफॉर्म के ऐप या ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। जहां आधार कार्ड और जरूरी डिटेल देकर आप आसानी से पर्सनल लोन ले सकते हैं।

## उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, भारत से जुड़ा है वाहन क्षेत्र का भविष्य

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आगाज मारुति, हुंडई ने पेश किए अपने ईवी मॉडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*दिल्ली के भारत मंडप और यशोभूमि में शुक्रवार से शुरू हुए ऑटो एक्सपो में इस वर्ष 40 से अधिक विदेशी कंपनियां भाग ले रही है। एक्सपो के पहले दिन मारुति, हुंडई, सुजुकी, हीरो मोटर कॉर्प सहित कई कंपनियों ने अपने नए मॉडल प्रदर्शित किए। मारुति और हुंडई ने अपने बहुप्रतिक्षित इलेक्ट्रिक मॉडल आज पेश किए।*

खास खबर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वाहन क्षेत्र का भविष्य भारत से जुड़ा है। पिछले एक साल में 2.5 करोड़ वाहनों की बिक्री और चार साल में 36 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इस बात की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री ने यहां भारत मंडपम में वैश्विक वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत वाहन क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य संवारने को इच्छुक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। इस साल पांच दिन चलने वाली प्रदर्शनी तीन स्थानों राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम तथा यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में आयोजित की जा रही है।

### एक ही छत के नीचे सभी गाड़ियां

प्रदर्शनी में वाहन, कल-पुर्जों और प्रौद्योगिकियों से जुड़े 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर वस्तु देखने को मिलेगी।



### खास बातें

- पिछले एक साल में ढाई करोड़ वाहनों की बिक्री की
- चार साल में 36 अरब डॉलर का एफडीआई आया
- 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद

*डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई : 'मेक इन इंडिया' पहल को पीएलआई (उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन) योजना से भी बढ़ावा मिला। इससे इस क्षेत्र में 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद मिली है। इस योजना से वाहन क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से 1.5 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।*



**एमजी मोटर ने दो नए मॉडलों उतारे :** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के साथ किफायती लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में कदम रखने की घोषणा की।




*सुजुकी पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो अन्य मॉडल किए पेश : दोपहिया वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लि. (एसएमआईपीएल) ने अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर ई-एक्सेस' समेत तीन मॉडलों को पेश किया।*

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार नए उत्पाद पेश किए



देश की अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर खंडों में कुल चार नए उत्पादों को पेश किया। हीरो मोटोकॉर्प ने एक्सट्रीम 250आर बाइक को पेश करने के साथ पहली बार 250 सीसी खंड में कदम रखा।

### मारुति की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा पेश




मारुति सुजुकी इंडिया ने अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा शुक्रवार को पेश की। कंपनी की इसे 100 से अधिक देशों में निर्यात करने की योजना है। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि इलेक्ट्रिक एसयूवी को यूरोप और जापान सहित विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात किया जाएगा। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की मारुति सुजुकी इंडिया में करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी इस मॉडल के लिए भारत को वैश्विक उत्पादन केंद्र बनाने की योजना भी बना रही है। सुजुकी ने कहा, ' हम आने वाले कुछ महीनों में मारुति सुजुकी के गुजरात संयंत्र में ई-विटारा का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ई-विटारा में दो बैटरी विकल्प 49 केडब्ल्यूएच और 61 केडब्ल्यूएच हैं। यह एक बार चार्ज करने पर करीब 500 किलोमीटर तक चल सकती है।

### हुंडई ने पेश की क्रेटा इलेक्ट्रिक



वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने पहले दिन अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश किया। क्रेटा इलेक्ट्रिक की कीमत 17.99 लाख रुपए से शुरू होती है। इस अवसर पर हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने कहा, 'हमारी अगले सात वर्षों में पूरे भारत में 600 सार्वजनिक फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। इनमें से 50 से अधिक स्टेशन पहले ही प्रमुख शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थापित किए जा चुके हैं।' इसके साथ ही किम ने कहा कि ग्राहक मायहुंडई ऐप के जरिये देश भर में 10,000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट तक पहुंच हासिल कर सकते हैं। क्रेटा इलेक्ट्रिक को लेकर उन्होंने भरोसा जताया कि यह मॉडल भारतीय ईवी उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा। किम ने कहा, यह मॉडल महज एक एसयूवी से कहीं बढ़कर है। यह अभिनव प्रौद्योगिकी, बेजोड़ सुरक्षा, बेजोड़ आराम और शानदार प्रदर्शन के साथ एक टिकाऊ ड्राइविंग अनुभव भी प्रदान करता है।

# अगले दो साल में 1,000 कंपनियां लाएंगी आईपीओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले दो वित्त वर्षों (2025-27) में कुल 1,000 कंपनियां अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती हैं। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम की यह उल्लेखनीय संख्या आर्थिक वृद्धि, अनुकूल बाजार स्थितियों और नियामक ढांचे में सुधार से प्रेरित होगी। निवेश बैंकरों के शीर्ष निकाय ने कहा कि इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) में आईपीओ और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से धन जुटाने की कुल राशि तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

### वित्त वर्ष 2023-24 में 67,955 करोड़ जुटाए

वित्त वर्ष 2023-24 में आईपीओ के जरिए कुल 67,955 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें बड़ी कंपनियों ने 61,860 करोड़ रुपये और एसएमई ने 6,095 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 423 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली होने से बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया। बीएसई सेंसेक्स 423 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, बैंकों और वित्तीय शेयरों में बिकवाली के दबाव के अलावा विदेशी कोषों की निकासी का सिलसिला जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। उतार-चढ़ाव से भरे सत्र में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 423.49 अंक गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 779.53 अंक तक गिरकर 76,263.29 पर आ गया था। इसी तरह निफ्टी भी 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 23,203.20 पर आ गया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार तीन दिनों तक तेज रहने के बाद फिर से गिरावट में रहा। आईटी एवं बैंक शेयरों में आई कमजोरी सूचकांक को नीचे लेकर आ गई। हालांकि रिलायंस. आईटीसी और एलएंडटी जैसे शेयरों में आई मजबूती ने गिरावट को थामने का काम किया।/" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस में करीब छह प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

### हैवेल्स के शुद्ध मुनाफे में 3.5 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.45 प्रतिशत घटकर 277.96 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 287.91 करोड़ रुपये रहा था।

हैवेल्स इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि हालांकि, उसकी परिचालन आय दिसंबर तिमाही में 10.76 प्रतिशत बढ़कर 4,888.98 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4,413.86 करोड़ रुपये थी।

# चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही

- रफ्तार पिछले साल की तुलना में धीमी रही
- वृद्धि अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶ हांगकांग

चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही। यह पिछले साल की तुलना में धीमी है, लेकिन चीन के लगभग पांच प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य के अनुरूप है।

आर्थिक वृद्धि को मजबूत निर्यात और हाल के प्रोत्साहन उपायों से मदद मिली है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत रही। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 5.2 प्रतिशत रही थी। निर्यात में तेजी का कारण नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर शुल्क बढ़ोतरी की आशंका है।



*दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कमजोर उपभोक्ता खर्च और इसके परिणामस्वरूप अपस्फीति यानी कम कीमतों के दबाव से जूझ रही है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद देश का पुररुद्धार प्रभावित हुआ है। अर्थव्यवस्था को गति देने वाला संपति क्षेत्र फिलहाल नरमी के चपेट में है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।*

## बिजनेस साइट

### हर्षित गोल्ड सिटी में आयोजित 'प्लॉट मेला' को मिल रहा शानदार रिस्पांस




**रायपुर।** रियल एस्टेट कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने हर्षित गोल्ड सिटी, विधानसभा रोड, नरदहा में 17 से 19 जनवरी तक 'प्लॉट मेला' का आयोजन किया है। जिसमें शुक्रवार को प्लॉट मेला के पहले दिन प्रॉपर्टी बायर्स का शानदार रिस्पांस देखने को मिला और पहले ही दिन 25 प्लॉट्स बुकिंग हुईं। लोगों ने साइट विजिट कर प्लॉट्स की बुकिंग की। यह तीन दिवसीय आयोजन निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक अच्छा अवसर प्रस्तुत करता है। इस मेले में हर्षित गोल्ड सिटी के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त किया जा सकता है, जो एक लग्जरी टाउनशिप में अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं।

विश्वस्तरीय सुविधाएं और प्राइम लोकेशन हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रमुख प्रोजेक्ट है, जो रेरा पंजीकृत है। यहां के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और कीमत 8.99 लाख से शुरू होती है। इस परियोजना में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जिनमें खेल मैदान, मंदिर, क्लब, रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, आउटडोर और इंडोर जिम, लैंडस्केप गार्डन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही हर्षित गोल्ड सिटी का स्थान भी अत्यधिक सुविधाजनक है, क्योंकि यह प्रमुख स्कूलों जैसे एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, डीपीएस, कोलंबिया कॉलेज, अस्पतालों और अंबुजा मॉल के पास स्थित है।

- पहले दिन हुई 25 प्लॉट्स की बुकिंग

JHAIGO Cream झाईगो 5+1
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769




सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# रणजी ट्रॉफी : कोहली दिल्ली की 22 सदस्यीय टीम में शामिल, चोटिल होने से खेलने पर संशय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सौराष्ट्र के खिलाफ राजकोट में अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में रखा गया है लेकिन उनके चोट की खबर आने के बाद अभी उनके खेलने को लेकर संशय है। समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के आला अधिकारियों को बताया है कि उन्हें सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट लगी थी। वहां फिजियो ने उनका उपचार किया और अभी इस बारे में तस्वीर साफ नहीं है कि वह 23 जनवरी से होने वाला रणजी मैच खेलेंगे या नहीं। वह खेलेंगे या कुछ दिन अभ्यास के लिए राजकोट जाएंगे, इसके बारे में तभी पता चलेगा जब वह डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे।

### 2012 में खेला था रणजी मैच

कोहली ने 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में आखिरी बार रणजी मैच खेला था। इसके एक साल बाद सचिन तेंदुलकर ने लाहली में हरियाणा के खिलाफ अपना आखिरी रणजी मैच खेला। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सात साल बाद रणजी मैच खेलेंगे हालांकि समझा जाता है कि उन्होंने कप्तानी से इनकार कर दिया। इसके मायने हैं कि आयुष बडोनी ही कप्तान होंगे।



### घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य

बीसीसीआई ने सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। यशस्वी जायसवाल मुंबई के लिए और शुभमन गिल पंजाब के लिए खेल रहे हैं। रोहित शर्मा मुंबई रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं हालांकि उनका खेलना अभी तय नहीं है।

### बडोनी की कप्तानी में खेलने पंत राजी

डीडीसीए की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने बताया, 'ऋषभ का मानना है कि मौजूदा कप्तान को ही कमान संभालनी चाहिए। उनका मानना है कि चूंकि वह निरंतर उपलब्ध नहीं होंगे तो कप्तानी में बदलाव नहीं करना चाहिए। जब पंत को कप्तानी की पेशकश की गई तो उसने कहा कि वह बडोनी की कप्तानी में खेलकर खुश हैं। हमने 22 खिलाड़ी चुने हैं जिनमें पांच अंडर 23 खिलाड़ी हैं जो 25 जनवरी से छत्तीसगढ़ के खिलाफ सीके नायुडू अंडर 23 मैच के लिए भिलाई जाएंगे।'



### सफेद गेंद के क्रिकेट का अभ्यास कर रहे रोहित

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के प्रारूप में अपने कौशल को निखारने पर मेहनत कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर डाले एक वीडियो में 37 वर्ष के रोहित को अभ्यास सत्र में उनके चिर परिचित शॉट फ्लिक, ड्राइव, ऊंचे हिट और पूल लगाते देखा गया। आस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित मुंबई की रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। मुंबई को 23 जनवरी को रणजी मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है लेकिन अभी तय नहीं है कि रोहित उसमें खेलेंगे या नहीं। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में पहला मैच खेलना है। इससे पहले छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलनी है।

## खबर संक्षेप



### सुपर किंग्स-कैपिटल्स का मैच बारिश के कारण रद्द

**जोहानिसबर्ग।** जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच एसए 20 लीग का मै बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को दो दो अंक मिले। प्रिटोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 138 रन बना लिए थे जब भारी बारिश शुरू हो गई। सुपर किंग्स दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि प्रिटोरिया और एमआई केपटाउन नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इससे पहले जोबर्ग सुपर किंग्स की स्पिन तिकड़ी डोनोवान फरेरा , मोईन अली और इमरान ताहिर ने प्रिटोरिया के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

### कोहली के आटोग्राफ वाला बल्ला किया दान

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय स्टार विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के हस्ताक्षर वाला बल्ला क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स को दान कर दिया जिसकी नीलामी से मिलने वाली रकम दिव्यांग क्रिकेटरों की मदद के काम आएगी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और लियोन ने खुद भी तीन बल्लों पर हस्ताक्षर किए।



### कर्नाटक को नायर पर अंकुश लगाने की चुनौती

**वडोदरा।** विदर्भ के कप्तान करुण नायर इतने जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे हैं कि रिकॉर्ड पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी खिताब जीतने के लिये कर्नाटक को शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में सबसे पहले उनके बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। नायर ने अब तक 112, 44, 163, 111, 112, 122 और 88 रन की पारियां खेली है जिनमें एक को छोड़कर सभी पारियां नाबाद रही है। उनके टूर्नामेंट में अब तक 752 रन हो गए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में किसी कप्तान के यह सर्वाधिक रन हैं ।



## आस्ट्रेलियन ओपन : सबालेंका की मेलबर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत

# एक भी सेट गंवाए बिना चौथे दौर में पहुंची गॉफ, जोकोविच भी जीते

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

अमेरिका की कोको गॉफ ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2025 में एक भी सेट गंवाए बिना चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। दो बार की गत चैंपियन आर्यना सबालेंका, नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज ने भी अपने अपने मुकाबले जीते। गॉफ ने अमेरिकी ओपन उपविजेता लैला फर्नांडिज को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं सबालेंका ने क्लारा टाउसन को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका को कोर्ट छोड़ना पड़ा।

सबालेंका ने अपना मुकाबला 7-6, 6-4 से जीता। इस सत्र में यह सबालेंका की लगातार आठवीं और मेलबर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत थी। उन्होंने दस दिन पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल जीता था। पुरुष वर्ग में 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने सांस लेने में हुई दिक्कत से उबरते हुए दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी थॉमस माचाक को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 19 वर्ष के याकूब मेंसिक को 3-6, 4-6, 7-6, 6-4, 6-2 से मात दी।



### बोपन्ना-झांग की आसान जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरुष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और आस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



### सीजमंड हारकर बाहर

एक अन्य मैच में अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा ने लौरा सीजमंड को 6-1, 6-2 से मात दी। सीजमंड ने दूसरे दौर में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन को हराया था। 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा ने मार्तो कोस्तियुक को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया जबकि 18वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच ने 12वीं वरीयता प्राप्त डियाना स्नाइडेर को 7-6, 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने मेगडालिना फ्रेच को 6-2, 1-6, 6-2 से हराया।

### चार सेट में जीते अल्काराज

पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-3, 6-4, 6-4 से मात दी जबकि तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज ने नुनो बोर्जेस को 6-2, 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 7-6, 6-2, 6-0 से शिकस्त दी। अल्काराज का सामना अब जैक ड्रेपर या अलेक्जेंडर वुकिच से होगा।

## क्रिकेट

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज होगा भारतीय टीम का ऐलान

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी घोषित होगी टीम



एजेंसी ▶▶| मुंबई

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार यानी 18 जनवरी को मुंबई में होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की मौजूदगी में भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी।

19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित होगी जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम घोषित की जाएगी। टीम की घोषणा के बाद शनिवार दोपहर 12.30 बजे रोहित और अगरकर प्रेस को संबोधित करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई के बयान के अनुसार, पुरुष चयन समिति इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुंबई में शनिवार को भारतीय टीम का ऐलान करेगी।

### बुमराह-कुलदीप पर रहेंगी नजरें

स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की फिटनेस चिंताओं के कारण टीम घोषित होने में देरी हुई है। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट मैच के दौरान पीठ में दिक्कत हुई थी जिसके बाद उनका स्कैन किया गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुनती है या नहीं। दूसरी ओर, घुटने की चोट के कारण कुलदीप को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुना गया था। बाएं हाथ का यह कलाई का स्पिनर अब चोट से उबर गया है।

**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

रा.प्र.क्र. 17/ब-121/वर्ष 2024-25

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक,
शाखा - जी.के. टॉवर मेन रोड, पदमनाभपुर, दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ............... वादी
प्रेषिती
**1. श्री नीलकंठ निर्मलकर आ. श्री सुमेरी निर्मलकर**
**2. श्रीमती नीमा निर्मलकर पति श्री नीलकंठ निर्मलकर**
**दोनों का पताः** 944, वार्ड नं. 01, छातागढ़ रोड, बिजली ऑफिस के पीछे, बघेरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ0ग0) ............... अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से होम लोन व वाहन ऋण व अन्य की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति-भूमि भवन ख.नं. 261/7 का भाग (नया ख.नं. 261/21) रकबा 0.009 हे. क्षेत्रफल 92.93 वर्गमीटर जो मौजा- ग्राम बघेरा प.ह.नं.-06/07. तसील व जिला दुर्ग में स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदकों को समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु रजिस्टर्ड नोटिस जारी कर आहूत किया गया था। जारी नोटिस अदम तामिल वापस प्राप्त ।

चूँकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है । अतएव इस समन के जरिये अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी **दिनाँक 20/01/2025** को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**संयुक्त कलेक्टर**
**वास्ते- कलेक्टर, दुर्ग**

# ओलंपिक पदक का रंग उतरा स्वप्निल ने की बदलने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में मिले कांस्य पदक की चमक फीकी पड़ने से निराश निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने शुक्रवार को इस पदक को बदलने का अनुरोध किया। महाराष्ट्र के 29 साल के इस खिलाड़ी को पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में (451.4 स्कोर) कांस्य पदक मिला।

स्वप्निल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अर्जुन पुरस्कार लेने के बाद इस सम्मान पर खुशी जताई लेकिन कहा कि पेरिस में उन्हें जो पदक मिला था, उसकी चमक अब फीकी पड़ने लगी है। स्वप्निल ने साक्षात्कार में कहा, 'मेरे पदक की चमक उतर रही है। पेरिस से भारत आने के कुछ दिन बाद ही पदक का रंग उतरने लगा था, अब तो उस पदक का पूरा रंग उतर गया है। मैं इस बदलवाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ से बात करूंगा। ओलंपिक पदक किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी सफलता में से एक है और इतनी जल्दी इसका रंग उतर जाना निराशाजनक है।' इससे पहले निशानेबाज मनु भाकर ने भी पेरिस ओलंपिक के पदक का रंग उतरने की शिकायत की थी।





### भारत की पुरुष और महिला टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** रामजी कश्यप, प्रतिक वाइकर और आदित्य गनपुले के पहले टर्न पर बनाई गई नींव की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां श्रीलंका को 100-40 से हराकर खो खो विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य मैचों में ईरान ने कीनिया को 86-18, दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 58-38 और नेपाल ने बांग्लादेश को 67-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को शुक्रवार को यहां 109-16 के बड़े अंतर से हराकर खो खो विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में युगांडा ने न्यूजीलैंड को 71-26, दक्षिण अफ्रीका ने रोमांचक मुकाबले में कीनिया को 51-46 जबकि नेपाल ने ईरान को 103-8 से हराया।






## इंडिया ओपन : सिंधू-किरण हारे, सात्विक-चिराग जीते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पेरिस कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हारकर बाहर हो गईं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय उम्मीद कायम रखी।

2022 की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इससे पहले पूर्व चैंपियन सिंधू ने शुरुआती एकतरफा गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में लड़खड़ा गईं और 62 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-19, 17-21 से पराजित हो गईं। पुरुष एकल में भारत की एकमात्र उम्मीद किरण जॉर्ज थे लेकिन उन्हें चीन के होंग यांग वेंग से 13-21, 19-21 से हार मिली।



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
National Council For Hotel Management And Catering Technology
NCHMCT
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, GoI

**NCHM JEE-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनसीएचएमसीटी से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों (आईएचएम) में आतिथ्य और होटल प्रशासन में विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद् (पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) की ओर से NCHM-JEE 2025 की परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र | 16.12.2024 to 15.02.2025 Up to (05:00 P.M) |
| परीक्षा की तिथि | 27.04.2025 **(रविवार)** |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विवरणिका राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट **https://exams.nta.ac.in/**NCHM/और/या NCHMCT वेबसाइट **https://nchm.gov.in/**

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन करें और नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाएँ।

यदि किसी उम्मीदवार को NCHM-JEE2025 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000/011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या **nchm@nta.ac.in** पर ई-मेल कर सकता है।

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

CBC 21354/12/0003/2425




गजब हैं दुनियाभर में शादी की ये रस्में

# दूल्हे की पिटाई, थूक से आशीर्वाद 3 दिन बाथरूम जाने की इजाजत नहीं

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

भाषा, बोली, रंग, रूप और रहन-सहन में भिन्नताओं के साथ-साथ दुनियाभर में शादियों की परंपराएं भी काफी अलग और मजेदार रस्मों से भरी हैं। इनमें कई ऐसी रस्में हैं जो आपको अंदर से गुदगुदाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर कर देती हैं।

### दूल्हे के जूते को चुराकर छिपाना



भारतीय शादियों में मस्ती का लेवल कुछ अलग ही होता है। यहां दुल्हन की बहनें शादी के समय दूल्हे के जूते को चुराकर छिपा देती हैं और उसे वापस देने के लिए पैसे मांगती हैं। दूल्हे को मजबूरी में पैसे देकर अपने जूते वापस लेने पड़ते हैं। यह परंपरा शादी में मौज-मस्ती का माहौल बनाने का काम करती है।

### 1 महीने पहले से रोने की शुरुआत



चीन की तुजिया समुदाय में दुल्हन शादी से एक महीने पहले से रोने की शुरुआत करती है। इस रस्म के पीछे खुशी और आभार व्यक्त करना माना जाता है। जैसे-जैसे शादी का दिन नजदीक आता है, परिवार के अन्य सदस्य भी इस रोने के सिलसिले में शामिल हो जाते हैं।

### कालिख से ढक देते हैं दूल्हा-दुल्हन को



स्कॉटलैंड में शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन को कालिख, आटा और पंखों से ढक दिया जाता है। फिर उन्हें आसपास घुमाया जाता है। यह परंपरा इस बात का प्रतीक है कि शादी के बाद आने वाली किसी भी चुनौती का वे साथ मिलकर सामना करेंगे और हर तरह की चुनौतियों से आसानी से निपटेंगे।

### तोड़ते हैं मिट्टी के बर्तन



जर्मनी में शादी से पहले 'पोल्टराबेंड' नाम की रस्म की जाती है जिसमें दूल्हा-दुल्हन और उनके मेहमान मिट्टी के बर्तन तोड़ते हैं। इसे बुरी आत्माओं को दूर भगाने का प्रतीक भी माना जाता है।

### थूक कर देती हैं आशीर्वाद



केन्या की मासाई जनजाति में दुल्हन के पिता अपनी बेटी को आशीर्वाद देने के लिए उसके सिर और छाती पर थूकते हैं। यह अजीब रस्म सौभाग्य और खुशहाल जीवन का प्रतीक मानी जाती है।



### सहनशक्ति की ली जाती है परीक्षा

यहां शादी से पहले दूल्हे के पैरों पर मछली या छड़ी से मारकर उसकी ताकत और सहनशक्ति की परीक्षा ली जाती है। हालांकि, यह रस्म हंसी-मजाक से भरी होती है और शादी के माहौल को मजाकिया बनाने के लिए की जाती है।

### बाथरूम इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं

इंडोनेशिया के टिडोंग समुदाय में नवविवाहित जोड़े को शादी के बाद तीन दिन और रात तक बाथरूम इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होती. यह परंपरा सफल और खुशहाल वैवाहिक जीवन का प्रतीक मानी जाती है। दुनिया की ये अनोखी परंपराएं हमें दिखाती हैं कि शादियां केवल एक ओकेजन नहीं, बल्कि हर समाज की मान्यताओं और भावनाओं का उत्सव हैं। इन अजीबोगरीब रस्मों में प्यार, मस्ती और सांस्कृतिक विविधता का अनोखा नजारा दिखता है।



# इस पौधे को छूने से इंसान कर सकता है आत्महत्या

**सिडनी।** धरती पर कई तरह के पेड़-पौधे पाए जाते हैं। लोग हरियाली के लिए पेड़-पौधों को लगाते हैं। पर्यावरण के लिए पेड़ बेहद महत्वपूर्ण हैं। इनके कारण ही मानव जीवन का अस्तित्व भी है। हालांकि, इस दुनिया में कई बेहद जहरीले और खतरनाक पौधे भी हैं, जो किसी की भी पलभर में जान ले सकते हैं। धरती पर पाए जाने वाले सबसे जहरीले पौधे का नाम जिम्पई-जिम्पई है। यह जहरीला पौधा देखने में बिल्कुल साधारण है। इसको छूने से किसी गर्म एसिड से जलने और बिजली के झटके का अहसास होता है। बताया जाता है कि इसका डंक इतना खतरनाक दर्द देता है कि इंसान तड़प-तड़प कर खुदकुशी करने के लिए मजबूर हो जाता है।




### झटका लगने जैसा अहसास

वैज्ञानिक मरिना हार्ले ने बताया कि इस पौधे को छूने के बाद एसिड और बिजली का झटका लगने का अहसास हुआ, जिसके बाद वह अस्पताल पहुंची। तब तक उनका पूरा शरीर लाल हो चुका था और वह जलन से चिल्ला रही थीं। जिम्पई-जिम्पई के असर को कम करने के लिए उनको लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ा और स्टेरॉयड का सेवन करना पड़ा। उन्होंने डिस्कवरी को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि बिजली का झटका और शरीर पर एसिड डालने जैसा दर्द था।




# कुत्ते की तरह जुड़वां बहनों के गले में बांधी चेन



गले में पट्टा बांधकर लड़कियों को घुमायाः उसने दोनों के गले में चेन वाला पट्टा बांधा है और रस्सी अपने हाथों में लिया है। जिस तरह लोग कुत्तों को टहलाने के लिए उनके पट्टे को पकड़कर रोड पर निकलते हैं।

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

सोशल मीडिया के जमाने में जब लोगों के अंदर फेमस होने की इतनी भूख है, तब वो किसी भी हद तक गिरने को तैयार हो जाते हैं। आपको ऐसे बहुत से लोग सड़कों पर चलते दिख जाएंगे, जो आम लोगों के सामने वो सब कर जाते हैं, जो करने में आम आदमी हजार बार सोचेगा। ऐसा ही एक आदमी इन दिनों वायरल हो रहा है। ये शख्स रोड पर दो लड़कियों को चेन से बांधकर ले जा रहा है, ठीक वैसे ही जैसे लोग कुत्तों को चेन से बांधकर सड़क पर टहलाने ले जाते हैं। दोनों लड़कियां जुड़वां बहनें नजर आ रही हैं। उसे जो कोई भी देख रहा है थू-थू ही कर रहा है! वीडियो अमेरिका के मियामी का बताया जा रहा है।







# बेमेतरा के साजा में बाघ के होने की पुष्टि, अलर्ट जारी



**बेमेतरा/साजा।** शहर में बाघ देखे जाने की खबर के बाद हड़कंप मच गया। बकरी चरवाहा ने बिजली ऑफिस के पास लाल शौर्य जीत के गन्ने के खेत के पास बाघ देखे जाने की खबर ग्रामीणों को दी। उसके बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला उसकी तलाश में फार्म हाउस पहुंचा। लेकिन, 50 एकड़ में गन्ने की फसल लगे होने के कारण पूरी निगरानी नहीं हो पाई। ड्रोन का इंतजाम भी नहीं होने के चलते कोई सुराग हाथ नहीं लगा। लगातार 2 दिन से अंचल में बाघ की खबर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना की खबर लगते ही एसडीएम तहसीलदार सहित वन विभाग की आला अफसर शाम तक घटनास्थल पर रहे। चश्मदीदों के अनुसार उन्होंने स्वयं अपनी आंखों से बाघ को देखा है। वहीं, उनके दावों के बाद सभी की चिंता बढ़ गई है। लेकिन, शासन द्वारा आधे अधूरे इंतजाम के कारण अभी तक बाघ की उपस्थिति का पक्का प्रमाण नहीं मिल पाया है। उधर, साजा नगर में भी नगर पंचायत द्वारा मुनादी करवाकर सतर्क रहने को कहा जा रहा है।

■ दुर्ग वनमण्डलाधिकारी ने कहा, शनिवार सुबह चलाया जाएगा पेट्रोलिंग व रेस्क्यू अभियान

### कदमों के निशान से हुई पुष्टि

इस बीच दुर्ग वनमण्डलाधिकारी सीएस शंकर सिंह परदेशी ने बताया कि साजा परिक्षेत्र में घूम रहा सन्दिग्ध वन्यजीव के बाघ होने की पुष्टि फुटप्रिंट्स से हो गई है। इसकी सूचना मुख्य वन संरक्षण व सीसीएफ को दी गई है। उनके मार्गदर्शन व दिशानिर्देश पर कल सुबह से कवर्धा-डीएफओ शशिकुमार एवं अन्य फारेस्ट ऑफिसर सहित हमारी टीम सन्दिग्ध स्थल पर पहुंचकर पेट्रोलिंग एवं रेस्क्यू अभियान की शुरुआत की जाएगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com